ग्रामीण कृषि मौसम सेवा

भारत मौसम विज्ञान विभाग

आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान

जोधपुर, राजस्थान

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 28-10-2022

जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2022-10-28 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2022-10-29	2022-10-30	2022-10-31	2022-11-01	2022-11-02
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	35.0	35.0	35.0	35.0	35.0
न्यूनतम तापमान(से.)	20.0	20.0	21.0	21.0	20.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	33	27	26	23	24
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	18	16	13	13	13
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	9.0	5.0	4.0	9.0	8.0
पवन दिशा (डिग्री)	312	127	205	251	247
क्लाउड कवर (ओक्टा)	0	0	0	0	0

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी पांच दिनों में अधिकतम तापमान 35.0 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 20.0 से 21.0 डिग्री सेंटीग्रेड रहने की सम्भावना।

सामान्य सलाहकार:

सरसों/राया की बुवाई के लिए उचित समय अक्टूबर के अन्त तक है। Pusa Sarson-25, Pusa Sarson -26, Pusa Sarson -27, NRCHB-101, CS-52, T-59, RH-30, Bayo-902, GM-2 व RH-819. उन्नत किस्मों की बुवाई करें। बुवाई के लिए 4-5 किलो बीज प्रति हैक्टेयर के लिए पर्याप्त है। बुवाई के समय 30 किलो नत्रजन व 30 किलो फास्फोरस प्रति हैक्टेयर की दर से दें। बीज को 30 सेंटीमीटर (कतार से कतार) तथा 10 सेंटीमीटर (पौधा से पौधा) की दूरी पर बोएं| मोयला की रोकथाम के लिए बीज को इमिडाक्लोप्रिड 600 एफ.एस. @ 9 मिली. प्रति किलो बीज की दर से उपचारित करें। फसल को सफेद रोली रोग के प्रकोप से बचाने के लिए बीज को मेटालेक्सिल 35 एस.डी 6 ग्राम प्रति किलो बीज की दर उपचारित करें।

लघु संदेश सलाहकार:

किसान भाई चने की उन्नत किस्मों C-235, RSG-44, RSG- 888, RSG-1488, RSG-974, GNG-1958 व GNG-663 की बुवाई करें। बुवाई हेतु 80-100 किलो ग्राम बीज प्रति हैक्टेयर के लिए पर्याप्त है।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
गेहूँ	गेहूं की फसल की बुवाई का उपयुक्त समय नवंबर के पहले सप्ताह से शुरू हो जाता है। अतः उन्नत किस्मों के बीज, खाद तथा बीज उपचार हेतू रसायन की व्यवस्था करें।
जौ	जौ की बुवाई के लिए खाद, बीज तथा बीज उपचार हेतू रसायन की व्यवस्था करें। RD-2794, RD-2052, RD-2035, RD-57, RD-31, RD-103, RD-2552, RD-2715 व Bilada-2. उन्नत किस्में है। 100 किलो बीज प्रति हैक्टेयर की दर से उपयोग में लें तथा 2.5 ग्राम मैन्कोजेब से प्रति किलो बीज को उपचारित करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
मेंथी	मैथी की फसल की बुवाई का समय नवंबर के पहले सप्ताह तक है। बुवाई के लिए खाद, बीज तथा बीज उपचार हेतू रसायन की व्यवस्था करें। RMT-I व RMT-305 उन्नत किस्में है।
अनार	अनार के बाग़ में विल्ट के प्रभावी नियंत्र के लिए प्रोपीकोनाजोल एक मिली लीटर का प्रति लीटर पानी की दर से छिडकाव करें।
बेर	बेर को फल मक्खी के प्रकोप से बचाने के लिए इमिडाक्लोप्रिड 1 मिली लीटर प्रति 3 लीटर पानी या डाईमेथोरेट 1 मिली लीटर प्रति 1 लीटर पानी की दर से छिडकाव करें।

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह:

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी)	अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह
सामान्य सलाह	आगामी दिनों की मौसम परिस्थितियाँ सर्दियों वाली सब्जियों की नर्सरी तैयार करने के लिये उपयुक्त हैं अतः फूलगोभी, पतागोभी, टमाटर तथा बैंगन की नर्सरी तैयार करें। सीधी बुवाई वाली सब्जियों पालक, धनिया, गाजर, मटर और मूली के लिये खेत तैयार करें तथा बुवाई करें।